भारत सरकार

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय

लोक सभा

लिखित प्रश्न सं. 5367

गुरुवार, 25 जुलाई, 2019/3 श्रावण, 1941 (शक)

लुधियाना-तलवाड़ी भाई खण्ड को चार लेन बनाना

5367. श्री मोहम्मद सदीकः

क्या **सड़क परिवहन और राजमार्ग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या एनएच-95 के लुधियाना-तलवाड़ी भाई खण्ड पर चार लेन बनाने का कार्य अपने पूरा होने के वर्ष 2014 की समय-सीमा से काफी पीछे चल रहा है और यदि हां, तो कार्य की वर्तमान स्थिति क्या है और इसे पूरा करने में विलंब के क्या कारण हैं;

(ख) क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि इस खण्ड पर आज तक अपूर्ण/लंबित कार्य के कारण लगभग 780 लोग मारे गए हैं और यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है;

(ग) क्या सरकार का उक्त मौतों के कारणों के संबंध में कोई जांच बैठाए जाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(घ) क्या सरकार का विचार इन पीड़ितों के परिवारों को पर्याप्त मुआवजा प्रदान करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) उक्त खण्ड पर कार्य कब तक पूर्ण किए जाने की संभावना है और इस संबंध में सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए/उठाए जा रहे हैं?

उत्तर

सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री

(श्री नितिन जयराम गडकरी)

(क) जी हॉ। यह परियोजना मार्च, 2012 में शुरू हुई थी जिसे सितंबर, 2014 तक पूरा किया जाना था। यह परियोजना रियायतग्राहियों के आंतरिक वित्तीय मुद्दों और रेलवे प्राधिकरण से अनुमोदन में विलंब के कारण विलंबित हुई। जुलाई, 2019 की स्थिति के अनुसार, 78 किलोमीटर में से 76 किलोमीटर का कार्य संपन्न हो चुका है। शेष दो किलोमीटर का कार्य मुख्यत: आरओबी कार्य और इसके संपर्क सड़कों के कार्य के कारण प्रभावित हुआ है।

(ख) से (घ) स्थानीय पुलिस प्राधिकारी से प्राप्त विवरणों के अनुसार कुछ घातकताओं की सूचना प्राप्त हुई है। चूँकि परियोजना राजमार्ग के मुख्य भागों का निर्माण कर लिया गया है, इन खंडों में दुर्घटनाओं के मुख्य कारण लापरवाही, निर्धारित गति से अधिक गति से गाड़ी चलाना, शराब पीकर गाड़ी चलाना, गाड़ी चलाते समय मोबाइल का उपयोग करना इत्यादि हैं।

(ङ) परियोजना को पूरा करने की पुनर्निर्धारित तिथि मार्च, 2020 है। रियायतग्राही को भी निर्माण गतिविधियों में तेजी लाने के लिए कहा गया है।

****